समाचार

छत्तीसगढ़िया ओलंपिक खेल

खेल में जीत–हार नहीं बल्कि खिलाड़ी भावना व खेल के प्रति समर्पण का भाव होता है महत्वपूर्ण – महापौर

(उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले वार्ड क्र. 25 व 26 के खिलाड़ियों को पुरस्कृत कर महापौर ने किया उनका उत्साहवर्धन)

कोरबा 12 अक्टूबर 2022 – महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने आज कहा कि खेल में जीत और हार नहीं बल्कि खेल के प्रति समर्पण व खिलाड़ी भावना का होना महत्वपूर्ण होता है, हार और जीत खेल प्रतियोगिताओं के महत्वपूर्ण अंग हैं, जीतने वाले खिलाडी को अभिमान नहीं होना चाहिए, वहीं हारने वाले को निराश होना भी बिलकुल उचित नहीं है। उन्होने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने पारंपरिक खेलों को प्रोत्साहन देने की जो पहल की है, वह अनुकरणीय है। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल ने कोरबा में खेल सुविधाओं की दिशा में व्यापक कार्य किए हैं, जो हम सबके लिए गौरव का विषय है।

उक्त बातें महापौर श्री प्रसाद ने आज एन.सी.डी.सी. विद्यालय एस.ई.सी.एल.कोरबा में आयोजित कार्यक्रम के दौरान कही। यहॉ उल्लेखनीय है कि प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के द्वारा छत्तीसगढ़ के पारंपरिक खेलों को बढ़ावा देने एवं इनके प्रति लोगों में जागरूकता लाने हेतु राज्य के नगरीय व ग्रामीण क्षेत्रों में छत्तीसगढ़ ओलंपिक गेम्स की शुरूआत कराई गई है। नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्र के वार्डो में भी कलेक्टर श्री संजीव कुमार झा के मार्गदर्शन एवं आयुक्त श्री प्रभाकर पाण्डेय के दिशा निर्देशन पर राजीव युवा मितान क्लब

के आयोजकत्व में 06 अक्टूबर से 11 अक्टूबर तक छत्तीसगढ़िया ओलंपिक के तहत राजीव मितान क्लब स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। नगर पालिक निगम कोरबा के वार्ड क्र. 25 एवं 26 के खिलाड़ियों द्वारा छत्तीसगढ़िया ओलंपिक खेलों की विभिन्न खेल विधाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने एवं प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने आज पुरस्कृत किया, उन्हें शील्ड देकर सम्मानित किया तथा अपनी बधाई व शुभकामनाएं दी। इस मौके पर महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने अपने उद्बोधन में आगे कहा कि छत्तीसगढ़ ओलंपिक में राज्य के विभिन्न पारंपरिक खेलों को शामिल कर इन खेलों को प्रोत्साहित करने, खेलों को बढ़ावा देने तथा पारंपरिक खेलों के प्रति लोगों में रूचि जागृत करने की जो पहल मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के द्वारा की गई, वह सबके लिए अनुकरणीय है। उन्होने आगे कहा कि राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल ने कोरबा के सर्वागीण विकास के साथ–साथ यहॉ पर खेल सुविधाएं बढ़ाने, खिलाड़ियों को बेहतर खेल वातावरण उपलब्ध कराने की दिशा में कार्य किए जाने के साथ– साथ कोरबा में खेल अकादमी की स्थापना के जो प्रयास किए हैं, वह अपने आप में अत्यंत महत्वपूर्ण हैं, जिसके लिए मैं उनके प्रति आभार प्रकट करता हूॅ।

इस अवसर पर पार्षद शैलेन्द्र सिंह पप्पी, वरिष्ठ नागरिक अवधेश सिंह ठाकुर, प्राचार्य चन्द्रशेखर शर्मा, अशोक लोध, विजय यादव, सुनील शर्मा, राजीव युवा मितान क्लब के पदाधिकारी विजय सोनखरे, मेहताब अली, राजेश यादव, विक्की करसेल, अमित सिंह, राजू बर्मन, समीर अली, मीता कर्ष, लक्ष्मी चौहान, व्याख्याता जे.पी.साहू, आर.आर. खाण्डेकर, बेदराम राठौर सहित राजीव युवा मितान क्लब के सदस्यगण, विद्यालयीन छात्र–छात्राएं एवं आमनागरिकगण उपस्थित थे।